समाचार

# वार्ड क्र. 14 में महापौर प्रतिनिधि के रूप में कार्यकर्ता बांट रहे जरूरतमंदों को सूखा राशन




कोरबा 17 मई 2021 –निगम के वार्ड क्र. 14 पम्पहाउस क्षेत्र में वार्ड पार्षद एवं महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद के प्रतिनिधि के रूप में कार्यकर्ता जरूरतमंद लोगो को सूखा राशन का वितरण कर रहे हैं। इसी कड़ी में आज भी पम्प हाउस क्षेत्र में जरूरतमंद परिवारों को सूखा राशन किट उपलब्ध कराए गए। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने बताया कि इन जरूरतमंदों में ऐसे व्यक्ति शामिल हैं जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं तथा जिनका राशन कार्ड भी नहीं बना है।

कोरोना संक्रमण के नियंत्रण हेतु प्रभावशील लाकडाउन के दौरान आर्थिक रूप से कमजोर व जरूरतमंद व्यक्ति भूखा न रहे, उसे राशन सामग्री प्राप्त हो, इस हेतु नगर निगम कोरबा द्वारा जरूरतमंदों को सूखा राशन किट उपलब्ध कराए जा रहे हैं। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद जो कि वार्ड क्र. 14 के पार्षद भी हैं, के प्रतिनिधि के रूप में शिवनारायण श्रीवास, रघुवर ठाकुर साथ में एल्डरमेन एस.मूर्ति एवं अन्य कार्यकर्ता द्वारा जरूरतमंदों को राशन किट पहुंचाएं जा रहे हैं, इसके साथ ही महापौर की देखरेख में अन्य आवश्यक सेवाएं भी कार्यकर्ता निरंतर उपलब्ध करा रहे हैं। इसी प्रकार कोरोना संक्रमण के प्रसार को रोकने की दिशा में निगम द्वारा वार्डो में कराए जा रहे सेनेटाईजेशन कार्य के तहत आज वार्ड के मैंगजीनभांठा क्षेत्र , झोपड़ीपारा में सेनेटाईजर का छिडकाव करके सेनेटाईज किया गया। वहीं महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद की देखरेख में कार्यकर्ताओं में वार्डवासियों को अनिवार्य रूप से वैक्सीन लगवाने के लिए प्रोत्साहित व प्रेरित भी किया।

**राजस्व मंत्री ने उपलब्ध कराएं मेडिकल किट**– वार्ड क्र. 14 के पार्षद एवं महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने बताया कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल द्वारा मेडिकल किट को उपलब्ध कराया गया है, इसके लिए महापौर श्री प्रसाद ने राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल का आभार माना हैं। इन मेडिकल किटों का उपयोग लोगों की प्राथमिक जांच के लिए किया जा रहा है, वार्ड के किसी भी परिवार के सदस्यों को संक्रमण की शंका होने एवं मोबाईल पर संपर्क करने पर अधिकृत कार्यकर्तागण कोरोना प्रोटोकाल का पालन करते हुए मेडिकल किट में शामिल आक्सीमीटर व थर्मामीटर के द्वारा उनके टेम्प्रेचर व आक्सीजन लेवल आदि की जांच करते हैं। उन्होने बताया कि इस कार्य हेतु वार्ड क्र. 14 में 12 से अधिक कार्यकर्ता एरियावाइज अपनी सेवाएं दे रहे हैं, जिनमें रामगोपाल, नवल चौधरी, इतवारी दास, रामकुमार चन्द्रा, लक्ष्मी

पटेल, सी.के.पाण्डेय, जितेन्द्र डडसेना, संजय दुबे, जालंधर चन्द्रा, दीपक नामदेव, पतंग केंवट, रियाज खान आदि कार्यकर्ता नियमित सेवाएं दे रहे हैं।